श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)
Sri Dev Suman Uttarakhand University
Badshahithaul Tehri Garhwal (Uttarakhand) -249 199
Mail:registrarsdsu2018@gmail.com,
coesdsuv@gmail.com
Website: www.sdsuv.ac.in

Ref.No. 3305 /SDSUV/Conf./Exam/2025 Dated- 23.08.2025

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक,
श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल।

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / परीक्षा प्रभारी,
सम्बद्ध परिसर / राजकीय महाविद्यालय / अशासकीय महाविद्यालय / स्ववित्त पोषित संस्थान।

विषयः— परीक्षा परिणामों से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निस्तारण विषयक।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि विगत माह में विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किये गये सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा परिणामों से सम्बन्धित कतिपय त्रुटियों एवं समस्याओं हेतु छात्र / छात्राओं द्वारा लगातार विश्वविद्यालय में सम्पर्क किया जा रहा है तथा विश्वविद्यालय द्वारा उनका निस्तारण किया जा रहा है। परन्तु राज्य की भौगोलिक स्थिति एवं लगातार हो रही वर्षा के कारण समस्त छात्र मुख्यालय में उपस्थित होने में असमर्थ हैं।

उपरोक्त के क्रम में मा0 कुलपति महोदय के आदेशानुसार आपको सूचित करना है कि उपरोक्त समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु अपने महाविद्यालय के परीक्षा प्रभारी / प्रतिनिधि को समस्त समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्रों एवं उनसे संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ विश्वविद्यालय मुख्यालय भेजने का कष्ट करें। जिससे परीक्षा परिणाम संबंधित समस्याओं का महाविद्यालय प्रतिनिधि की उपस्थिति में उसी समय निस्तारण किया जा सके।

| क्र0सं0 | जनपद | तिथि | दिवस |
|---|---|---|---|
| 1 | हरिद्वार एवं देहरादून जनपद के समस्त महाविद्यालय / संस्थान | 25.08.2025 | सोमवार |
| 2 | रूद्रप्रयाग एवं चमोली जनपद के समस्त महाविद्यालय / संस्थान | 26.08.2025 | मंगलवार |
| 3 | उत्तरकाशी एवं टिहरी जनपद के समस्त महाविद्यालय / संस्थान | 27.08.2025 | बुधवार |
| 4 | पौडी जनपद के समस्त महाविद्यालय / संस्थान | 28.08.2025 | वृहस्पतिवार |

अतः समस्त प्राचार्य / परीक्षा प्रभारियों से अनुरोध है कि उपरोक्त सारणीनुसार अपने महाविद्यालय / संस्थानों के छात्र / छात्राओं के परीक्षा परिणामों से संबंधित पत्र / दस्तावेजों को निर्धारित तिथि पर विश्वविद्यालय मुख्यालय निस्तारण हेतु परीक्षा प्रभारी / प्रतिनिधि के माध्यम से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

23/8/25
प्रो0(डॉ0)सी0 एस0 नेगी।
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने सम्मानित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें:—

| | |
|---|---|
| सम्पादक अमर उजाला, नई टिहरी। | सम्पादक दैनिक जागरण, नई टिहरी। |
| सम्पादक हिन्दुस्तान, नई टिहरी। | सम्पादक राष्ट्रीय सहारा, नई टिहरी। |

4. कार्यालय प्रति।

प्रो0(डॉ0)सी0 एस0 नेगी।
परीक्षा नियंत्रक